RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 13 सितम्बर 2022 | वर्ष 04 | अंक 129 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये


दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## गणेश भगवान आए और चले गए, सड़क के गड्ढे जस के तस...!



**कल्याण :** गणेश उत्सव संपन्न हो गया है गणेश भगवान आए और हिचकोले खाते हुए चले गए लेकिन सड़कों के गड्ढे ज्यों के त्यों बने हुए हैं और अब ऐसा लगता हैं कि नवदुर्गा उत्सव के समय भी रहेंगे? और दुर्गा मां भी आएंगी और सड़कों के गड्ढों में ही हिचकोले खाते हुए विदा भी हो जाएंगी फिर भी सड़कों के गड्ढे नहीं भरे जा सकेंगे? महानगरपालिका क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी जान लेवा गड्ढे बने हुए हैं। हाईवे पर टोल वसूली जारी अर्जुनाली टोल नाके के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 3 पर बने गड्ढों से यात्रियों को काफी परेशानी होती है। राजमार्गों पर गड्ढों से वाहनों को नुकसान होता है, यातायात धीमा होता है, यातायात में वृद्धि होती है और यात्रियों को परेशानी होती है और सबसे खराब बात यह है कि गड्ढों के कारण बड़ी दुर्घटनाएं होती हैं। गड्ढों से होने वाली दिक्कतों के कारण 3 घंटे की दूरी तय करने में 5 घंटे का समय लग जाता है। इस हाईवे पर भारी टोल वसूली चल रही है, लेकिन सड़कों की मरम्मत नहीं हो रही है। महिना भर से पहले समाजसेवी दिनेश बेलकारे ने यात्रियों के उत्पीड़न को देखते हुए गड्ढों को भरने या टोल बूथों को बंद करने की मांग की थी। एक औपचारिक शिकायत सरकारी विभाग में भी की गई थी और स्थानीय राजनीतिक पदाधिकारियों से भी अपील की गई थी। हफ़्तों बीत गए और ये अधिकारी चुप है तदनुसार इस क्षेत्र के राजनीतिक पदाधिकारियों ने टोल बूथ और स्थानीय पुलिस स्टेशन को प्रासंगिक बयान देते हुए कहा है कि यदि एक सप्ताह के भीतर गड्ढों को नहीं भरा गया तो टोल बूथ अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा।

## प्रधानमंत्री का एजेंट बताए जाने पर शिंदे का पलटवार...!

### यह धमाकों के दोषियों से सहानुभूति रखने से बेहतर

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को उद्धव गुट पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि याकूब मेमन के प्रति सहानुभूति रखने से बेहतर है कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एजेंट कहा जाए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को रद्द करने का काम किया था। वहीं, मेमन को 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट में उसकी भूमिका के लिए 2015 में फांसी दी गई थी। मध्य महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के पैठण में एक रैली को संबोधित करते हुए शिंदे ने शिवसेना के उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले धड़े पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पार्टी के संस्थापक



बाल ठाकरे के सपने को पूरा करने वाले लोगों का 'एजेंट' बनना ही बेहतर है। मुंबई के एक कब्रिस्तान में मेमन की कब्र के सौंदर्यीकरण को लेकर उद्धव ठाकरे और शिंदे गुट के बीच बयानबाजी चल रही है।

### महा विकास अघाड़ी सरकार पर आरोप

शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट की सहयोगी भाजपा ने दावा किया है कि मेमन की कब्र का सौंदर्यीकरण पूर्ववर्ती ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार के कार्यकाल के दौरान हुआ था। इसके लिए पूर्व सीएम से मांगी माफी मांगनी चाहिए।

## मुंबईवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी, अगले मानसून तक पानी की चिंता नहीं!



**मुंबई :** मुंबई को पीने के पानी की आपूर्ति करने वाली सात झीलें सोमवार की सुबह तक 98.4 प्रतिशत भरी हुई हैं और उनमें 14,47,363 मिलियन लीटर की कुल क्षमता के मुकाबले 14,24,250 मिलियन लीटर पानी है, जो अगले साल मानसून तक चलने के लिए पर्याप्त है. बीएमसी के मुताबिक मुंबई को पीने के पानी की आपूर्ति करने वाली सात झीलें ऊपरी वैतरणा, मोदक सागर, तानसा, मध्य वैतरणा, भातसा, वेहर और तुलसी हैं, जो या तो मुंबई में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान और ठाणे और पालघर के पड़ोसी जिलों में स्थित हैं. सात झीलों में से तीन- मोदक सागर, वेहर और तुलसी में 100 प्रतिशत पानी का भंडार था. बृहन्मुंबई नगर निगम शहर की लगभग 4,400 मिलियन लीटर की मांग के मुकाबले हर दिन 3,850 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति करता है.

## ज्ञानवापी मस्जिद मामले में कोर्ट ने हिन्दू पक्ष की दलील को मानते हुए मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज कर दी



**वाराणसी :** ज्ञानवापी मस्जिद और इस मस्जिद के अंदर मां श्रृंगारगौरी के मंदिर को लेकर चल रहे विवाद की सुनवाई आगे भी जारी रहेगी। वाराणसी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने कहा कि श्रृंगारगौरी के नियमित दर्शन करने के लिए लगाई गई याचिका सुनने लायक है. कोर्ट ने हिन्दू पक्ष की दलील को मानते हुए मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया है. वाराणसी कोर्ट ने ये भी कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद और श्रृंगारगौरी का मामला 1991 के वर्शिप एक्ट के तहत नहीं आता है. अब श्रृंगारगौरी के दर्शन को लेकर लगाई गई याचिका की सुनवाई 22 सितम्बर के दिन होगी। कोर्ट में फैसले के दौरान हिन्दू पक्ष के वकील हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर मौजूद थे, लेकिन याचिका लगाने वाली राखी सिंह नहीं थीं. जज ने 62 लोगों को कोर्ट में रहने की अनुमति दी थी. इस मामले में 24 अगस्त को ही हिन्दू पक्ष और मुस्लिम पक्ष की बहस पूरी हो गई थी. और जज एसके विश्वेश ने 12 सितम्बर मतलब आज तक के लिए फैसला सुरक्षित रखने का आदेश जारी किया था. वाराणसी कोर्ट में मुस्लिम पक्ष ने याचिका लगाई थी कि ज्ञानवापी मुसलमानों की है और यह औरंगजेब की संपत्ति है, यहां हिन्दुओं को मां श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन के लिए अनुमति देना जायज नहीं है। मुस्लिम पक्ष ने कहा था की ज्ञानवापी प्लेसेज ऑफ वरशिप एक्ट 1991 के तहत आता है. सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज करते हुए कहा- ज्ञानवापी परिसर में मां श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन के लिए लगाई गई याचिका सुनने लायक है. और अब इस मामले में अगली सुनवाई 22 सितबर के दिन होगी।

## अन्य ब्रांड के पानी पर जोर

### स्टेशनों पर नहीं मिल रहा रेल नीर...!

**मुंबई:** मुंबई के रेलवे स्टेशनों पर शुद्ध पेय जल की कमी की शिकायतें जहां आम हैं, वहीं आईआरसीटीसी का बोतल बंद पानी न मिलने से भी यात्री परेशान हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनों से मुंबई और भुसावल मंडल के स्टेशनों पर रेल नीर ब्रांड के बोतल बंद पानी की आपूर्ति काफी कम हो गई है। स्टेशनों पर बोतल बंद पानी की भारी कमी को देखते हुए अन्य कुछ ब्रांड का बोतल बंद पानी बेचने की इजाजत कामर्शियल डिपार्टमेंट द्वारा दी गई है। स्टेशनों पर केवल आईआरसीटीसी के ब्रांड रेल नीर की ही सप्लाई होती है। पानी की बढ़ती मांग और कुछ तकनीकी समस्या के चलते आईआरसीटीसी की ओर से रेल नीर सप्लाई नहीं हो पा रहा है। सीनियर



डीसीएम की तरफ से कुछ अन्य ब्रांड के बोतल बंद पानी की सप्लाई के लिए निर्देश दिया गया है। दाम और गुणवत्ता तय करने का अधिकार होना चाहिए

इस बीच, आरटीआई एक्टिविस्ट अनिल गलगली ने कहा कि लोगों को अच्छे और शुद्ध पानी से मतलब है, परंतु प्रशासन कुछ निश्चित ब्रांड का पानी स्टेशनों पर बेचने को कहता है। यह समझ से बाहर है। रेलवे को पानी के दाम और गुणवत्ता तय करने का अधिकार होना चाहिए न कि ब्रांड तय करने का। प्याऊ भी बंद उल्लेखनीय है कि ज्यादातर रेलवे स्टेशनों पर सादे पानी के प्याऊ भी बंद हैं। पहले सामाजिक संस्थाओं द्वारा स्टेशनों पर मुफ्त ठंडा पानी उपलब्ध कराने प्याऊ लगे थे, परंतु देखरेख और अन्य कारणों की वजह से अधिकांश बंद हो गए। गैर किराया राजस्व योजना के तहत शुरू किए गए वाटर पॉइंट भी पूरी तरह बंद हो गए। अब मध्य रेलवे के स्टेशनों पर हवा से शुद्ध जल उपलब्ध कराने की योजना का प्रस्ताव है, परंतु वह भी अब तक शुरू नहीं हो पाया है। यात्रियों का कहना है कि स्टेशनों पर शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने के नाम पर भी रेल प्रशासन की भूमिका संदिग्ध ही नजर आती है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# चंद्र अभियान में देरी...!

नासा के चंद्र अभियान में आ रही बाधा से न केवल वैज्ञानिकों की व्यग्रता बढ़ रही है, बल्कि आधुनिक विज्ञान को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं। क्या 50 साल पहले इस्तेमाल हुई तकनीक ज्यादा बेहतर थी और अब जिस तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है, वह यथोचित नहीं है? दो बार गैर-मानव अभियान टालने के बाद नासा ने घोषणा की है कि वह अंतरिक्ष में आर्टेमिस को लॉन्च करने का प्रयास करने के लिए दो तारीख, 23 सितंबर या 27 सितंबर पर विचार कर रहा है। आर्टेमिस अभियान की सफलता चंद्रमा और उससे आगे मानव अस्तित्व का विस्तार करने के लिए नासा की प्रतिबद्धता व क्षमता को प्रदर्शित करेगी। नासा को अपना मिशन मून, यानी आर्टेमिस-1 दोबारा टालना पड़ा था, क्योंकि दोबारा फ्यूल लीक की समस्या वैज्ञानिकों के सामने आ गई। कहने की जरूरत नहीं कि आर्टेमिस अभियान के जरिये वैज्ञानिक 50 साल बाद फिर से इंसानों को चांद पर भेजने की तैयारी कर रहे हैं। 2025 में मानव को फिर चांद पर भेजने की योजना है, पर उससे पहले मानव रहित यान का चांद पर जाना व लौटना जरूरी है। आखिर अगली लॉन्चिंग के लिए इंतजार क्यों करना पड़ रहा है? तकनीक की तो अपनी समस्या है ही, इसके अलावा तारों की स्थिति को भी देखना पड़ता है, ताकि प्रक्षेपण के बाद यान सही जगह उतर सके और रास्ते में किसी दुर्घटना का शिकार न हो। अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले किसी भी यान का उड़ान पथ धरती और चंद्रमा, दोनों के गुरुत्वाकर्षण पर भी निर्भर करता है। समायोजन ठीक होना चाहिए, तभी यान को टकराने से बचाया जा सकता है। इस हिसाब से अनुकूल स्थिति 19 सितंबर के बाद बनेगी। बहरहाल, बड़ी चुनौती ईंधन लीकेज को रोकना है। यह तो अच्छा है कि उड़ान से पहले ही लीकेज का पता चल जा रहा है और अभियान को टालकर यान व प्रक्षेपण यान की रक्षा की जा रही है। 50 साल पहले वाली तकनीक भले बहुत जटिल थी, पर तब सफलता मिली थी। अब तकनीक अत्याधुनिक है और ईंधन गुणवत्ता में भी परिवर्तन आया है, इसलिए महारत हासिल करने में थोड़ा वक्त लगेगा। वैज्ञानिक मान रहे हैं कि नासा ही नहीं, तमाम वैज्ञानिक बिरादरी को धैर्य रखना होगा।

*अमेरिका के अलावा चीन भी अंतरिक्ष मिशन में दिलोजान से लगा है और उसकी हालिया सफलताएं आकर्षित कर रही हैं। चीन अभी नासा से पीछे है, पर गौर करने की बात है कि 2019 में चीन चंद्रमा के सबसे दूर क्षेत्र में एक अंतरिक्ष यान को सुरक्षित रूप से उतारने वाला पहला देश बन गया था।*

अमेरिका के अलावा चीन भी अंतरिक्ष मिशन में दिलोजान से लगा है और उसकी हालिया सफलताएं आकर्षित कर रही हैं। चीन अभी नासा से पीछे है, पर गौर करने की बात है कि 2019 में चीन चंद्रमा के सबसे दूर क्षेत्र में एक अंतरिक्ष यान को सुरक्षित रूप से उतारने वाला पहला देश बन गया था। भारत के चंद्रयान-2 को अगर सफलता मिली होती, तो भारत भी होड़ में आगे रहता। गौरतलब है कि चंद्रयान-1 अभियान साल 2008 में सफल रहा था। उस यान के जरिये चांद की परिक्रमा करते हुए भारत ने चांद पर पानी के ठोस साक्ष्य हासिल किए थे। हमारे अभियान चंद्रयान-2 से बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन अंत समय में यह चांद के करीब पहुंचकर क्रैश लैंडिंग का शिकार हुआ। बताया जाता है कि चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बीच तकनीकी परिवर्तन किया गया था। हमें यह ध्यान रखना होगा कि ऐसे अभियान बहुत महंगे होते हैं और इनकी सफलता पर सबकी निगाह होती। सफल तकनीक में आमूलचूल परिवर्तन के बजाय, उसे ही विकसित करना चाहिए।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# शरद पवार ने भाजपा पर साधा निशाना



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने किसानों की आत्महत्या, देश की आर्थिक स्थिति, महंगाई, महिला अत्याचार, सांप्रदायिकता आदि मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। राकांपा का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली के तालकटोरा मैदान में आयोजित किया गया है। इस अधिवेशन को संबोधित करते हुए राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज, शाहू महाराज, महात्मा फुले, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जैसे महापुरुषों से हमें प्रेरणा मिली है। उनकी प्रेरणा, उनके विचारों के आधार पर काम करना अपना

सर्वप्रथम कर्तव्य है। हमें इस बात का गर्व है कि राकांपा प्रगतिशील पार्टी के रूप में काम करने की इच्छुक है। उन्होंने आगे कहा कि शिवाजी महाराज का इतिहास देखो, उन्होंने एक बात सभी के सामने पेश की है कि दिल्ली की सत्ता के समक्ष कभी न झुककर स्वाभिमान का परिचय दिया है। यानी महाराष्ट्र कभी भी दिल्ली के सामने नहीं झुका है, ऐसा संदेश शरद पवार ने इस मौके पर दिया।

**सबका एकजुट होना जरूरी है**


हम एक ऐतिहासिक मैदान दिल्ली के तालकटोरा मैदान में जमा हुए हैं। इसी स्थान पर पेशवा ने दिल्ली शासन को चुनौती दी थी। हमें इस बात की खुशी है कि दिल्ली की सत्ता को जहां से चुनौती दी गई थी, उसी स्थान पर हमने आज अधिवेशन आयोजित किया है।

उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा एक सांप्रदायिक पार्टी है, जिसे रोकने के लिए हम सभी को एकजुट होना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि राकांपा को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करना है। आगामी पंचायत राज चुनाव पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि अभी से उसकी तैयारियों में जुट जाना चाहिए, महिलाओं और युवाओं को विशेष प्रतिनिधित्व देना है। इस वर्ष देश में कई संकट और राजनीतिक उतार-चढ़ाव देखने को मिला, अपने पड़ोसी देश श्रीलंका, बांग्लादेश इस स्थानों तानाशाही हुई, जिसका परिणाम पूरे विश्व ने देखा। आज भारत खाद्य उत्पादन में केवल आत्म निर्भर ही नहीं, बल्कि विश्व के कई देशों को अनाज की आपूर्ति करता है, इस बात को लेकर किसानों पर अभिमान है। लेकिन दुर्भाग्य से आज किसानों की आत्महत्या देखने को मिल रही है। किसानों के लिए बार-बार लड़ाई का समय आया, तो भी उसके लिए तैयार रहने का आह्वान पवार ने किया।

# गवर्नमेंट हॉस्टल से 6 नाबालिग लड़कियां फरार

## सिक्योरिटी गार्ड का दरवाजा बाहर से बंद किया; खिड़की को पत्थर से तोड़ा, ग्रिल तोड़ने मिली बाहरी मदद

**मुंबई :** मुंबई के गोवंडी इलाके में बने राजकीय बालिका विशेष पुनर्वास केंद्र से छह नाबालिग लड़कियां भाग गईं। घटना रविवार रात की है। लड़कियों ने भागने के लिए हॉस्टल बाथरूम में बनी सीमेंट की खिड़की को पत्थर से तोड़ दिया। इसके लिए सुबह 3 से 4 बजे का वक्त चुना। भागने से पहले उन्होंने सिक्योरिटी गार्ड के कमरे का दरवाजा को बाहर से बंद कर दिया ताकि वह उनका पीछा न कर सके।पुलिस के मुताबिक किसी बाहरी शख्स ने इनकी भागने में मदद की है। क्योंकि उसी ने खिड़की के आगे लगी लोहे की ग्रिल को हटा दिया था। घटना



का पता चलते ही हॉस्टल रजिस्टर से पता लगाया गया कि कौन-कौन हॉस्टल में है या नहीं, इसके बाद इन 6 की पहचान की गई। पुलिस ने लड़कियों के मददगार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ FIR दर्ज कर ली है।

**जहां से रेस्क्यू किया वहीं पता लगाएगी पुलिस**

मुंबई में अलग-अलग जांच एजेंसी मानव तस्करी, भिखारी गैंग जैसे अवैध काम करवाने वालों के खिलाफ काम करती है। ये लोग वहां से नाबालिग बच्चियों को रेस्क्यू करते हैं और गोवंडी के इसी हॉस्टल में रखते हैं। पुलिस इन लड़कियों का पता लगाने के लिए उसी जगह जांच करने वाली है जहां से उनका रेस्क्यू किया गया था। वहीं मददगार का पता लगाने पुलिस अलग-अलग उउळश फुटेज भी चेक कर रही है।

# 'लोकतंत्र के लिए घातक है 'ईडी' सरकार का तमाशा!' - कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटोले

**मुंबई :** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस यानी 'ईडी' सरकार की स्थापना के दिन से ही इस सरकार की वैधता पर प्रश्नचिह्न लगाया जा रहा है। शिंदे गुट के बागी विधायकों की अयोग्यता का मुद्दा न्यायालय में प्रलंबित है। ऐसे में सत्ताधारी और विरोधी दल में सतत आरोप- प्रत्यारोप की राजनीति देखने को मिल रही है। इस पृष्ठभूमि पर वर्तमान में शुरू राजनीति को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने शिंदे सरकार पर जमकर निशाना साधा है। प्रभादेवी में गणेश विसर्जन के दरम्यान घटी घटना पर उन्होंने टिप्पणी की है। प्रभादेवी में एकनाथ शिंदे गुट और शिवसेना कार्यकताओं के बीच हुए विवाद, शिंदे गुट के विधायक सदा सरवणकर द्वारा गोलीबारी की घटना का संदर्भ देते हुए नाना पटोले ने कहा कि 'ईडी' सरकार का महाराष्ट्र में तमाशा करने का काम शुरू है। गुवाहाटी के बाद हुई घटनाओं के कारण महाराष्ट्र की राजनीतिक बदनामी देशभर में हुई। दिनों-दिन बढ़ रही गोली बारी की घटनाएं, लड़कियों के अपहरण आदि घटनाएं महाराष्ट्र में हो रही हैं। अब तक पालक मंत्री की नियुक्ति नहीं हुई है। राज्य में निर्माण हुए हंगामे लोकतंत्र के लिए घातक हैं, ऐसा नाना पटोले ने कहा। मुख्य न्यायाधीश ललित के साथ मुख्यमंत्री द्वारा मंच साझा करने के बारे में नाना पटोले ने कहा कि सत्ता संघर्ष का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे में मुख्य न्यायाधीश के साथ मुख्यमंत्री का मंच पर बैठना गलत है।




# T20 World Cup के लिए BCCI ने टीम इंडिया के प्लेयर्स की घोषणा



अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने जा रहे टी-20 विश्वकप के लिए इउउकने टीम इंडिया के प्लेयर्स की घोषणा कर दी है. कोई भी चौकाने वाला फैंसला नहीं लिया गया है. जैसी उम्मीद थी वैसा ही स्क्वाड रखा गया है, विश्वकप खेलने जाने वाली टीम में ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक दोनों को रखा गया है. साथ ही खुशी की बात है की जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल वर्ल्ड कप खेलने जा रहें हैं, उनकी टीम में वापसी हो गई है.

**Indials Squad for T20 World Cup 2022** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, आर. अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह.



# सांसद नवनीत राणा के खिलाफ फिर से एक मामला दर्ज

## लव जिहाद के आरोप से जुड़ा है केस



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के अमरावती शहर की पुलिस ने लोकसभा सदस्य नवनीत राणा के खिलाफ शनिवार रात एक गैर-संज्ञेय अपराध दर्ज किया. दरअसल सांसद पर कथित तौर पर ये आरोप है कि उन्होंने एक व्यक्ति को बदनाम किया जिसमें उसे दूसरे समुदाय की एक महिला का अपहरण करने और उसे बंधक बनाने आरोप लगाया गया और साथ ही इस पूरी घटना को सांसद द्वारा ड्डलव जिहादड्ड करार दिया गया.ड्ड हालांकि, पिछले मंगलवार को लापता हुई महिला सतारा से एक दिन बाद मिली और मीडिया को बताया कि राणा ने उसके बारे में झूठी जानकारी फैलाई थी और अपहरण या आदमी के साथ भाग जाने से इनकार किया था.

**इन धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा**

जिस व्यक्ति को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया था, उसके मिलने के बाद उसे जाने दिया गया. उसके पिता ने तब सांसद राणा के खिलाफ शिकायत के साथ पुलिस से संपर्क किया और आरोप लगाया कि उसने झूठी सूचना फैलाकर अपने बेटे को बदनाम किया और उसे धमकी दी. राजापेठ पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'शिकायत के आधार पर हमने राणा के खिलाफ आईपीसी की धारा 500 (मानहानि) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत एक एनसी दर्ज किया है.'

# महाराष्ट्र में बढ़ने लगा लंपी वायरस का खतरा...!

## CM शिंदे ने दिए रोकथाम के निर्देश



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में भी पशुओं में लंपी वायरस का खतरा प्रतिदिन बढ़ रहा है. इसे लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को राज्य के पशुपालन विभाग के अधिकारियों को सतर्क रहने और मवेशियों में लंपी वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए निर्देश दिए. महाराष्ट्र में बढ़ रहे लंपी वायरस के केसों को देखते हुए महाराष्ट्र सीएमओ की तरफ से एक बयान भी जारी हुआ, इस बयान के अनुसार कई जिलों में इस बीमारी की सूचना मिली है और दिन में कैबिनेट की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई. इसके साथ ही अधिकारियों से बीमारी पर जागरूकता अभियान चलाने और लोगों को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए अपने क्षेत्रों में मौजूद रहने को कहा.

इसके साथ ही इस बयान में बताया गया कि टोल फ्री नंबर 18002330418 के साथ-साथ राज्य स्तरीय कॉल सेंटर टोल फ्री नंबर 1962 लोगों के लिए उपलब्ध कराया गया है. महाराष्ट्र सरकार ने पिछले हफ्ते मवेशियों में लंपी वायरस के प्रसार को रोकने के लिए पूरे राज्य को ड्डनियंत्रित क्षेत्रड्ड घोषित किया था. बता दें कि महाराष्ट्र में पिछले एक महीने में लंपी वायरस के संक्रमण के कारण 22 मवेशियों की मौत हो गई, इस बात की जानकारी राज्य के पशुपालन विभाग के अधिकारी ने दी है. महाराष्ट्र में कई जिलों में लंपी वायरस के केस सामने आए हैं, जिनमें जलगांव, अहमदनगर, अकोला, धुले, पुणे, लातूर, औरंगाबाद, बीड, सतारा, बुलढाणा, अमरावती, उस्मानाबाद और कोल्हापुर जिले के 133 गांवों में यह बीमारी फैल चुकी है. लंपी वायरस एक संक्रामक रोग है जिससे पशुओं के शरीर पर गांठे हो जाती हैं. इसके साथ ही इस रोग के लक्षणों में पशुओं में बुखार, दूध कम बनना, त्वचा पर गांठ, नाक तथा आंखों से पानी निकलना आदि शामिल हैं. महाराष्ट्र के अलावा इससे पहले राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली में भी इसके केस सामने आ चुके हैं.

# लूटपाट को अंजाम देकर करना चाहते थे सपना पूरा



**मुंबई :** मुंबई शहर में कपड़े का शोरूम खोलने के सपने को पूरा करने के लिए दो दोस्त अपराधी बन गए। अपने इस शौक को पूरा करने के लिए वे मुंबई सहित उपनगरों और रेलवे में लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देने लगे। हालांकि ऐसी ही एक वारदात में दोनों शातिर अपराधियों को पेल्हार पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विलास चौगुले ने बताया कि करीब दो महीने पहले वसई फाटा स्थित एक होटल में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। पेल्हार पुलिस की डिटेक्शन ब्रांच इस मामले की जांच कर रही थी। पुलिस उपनिरीक्षक सलीन पाटील, योगेश देशमुख, सचिन बलिद, बालाजी गायकवाड सहित अन्य कर्मचारी क्षेत्र में लगाए गए करीब सीसीटीवी पुष्ठटेज की जांच में जुट गए। साथ ही मुखबिरों को एक्टिव किया गया था।

# देश में कोई भी मस्जिद तोड़ कर नहीं बनाया गया मंदिर

## महाराष्ट्र के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार का बयान



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने सोमवार को जी मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि देश में कोई भी मस्जिद तोड़ कर मंदिर नही बनाया गया है. ज्ञानवापी मामले पर उन्होंने कहा कि सबको पता है की ज्ञानवापी मस्जिद पुरातन नही है. हिंदू हमेशा से सहिष्णु रहा है.जो भी निर्णय होगा वह देश की प्रथा,परंपरा, आस्था और कानून पर आधारित होगा. लव जिहाद मामले पर उन्होंने कहा कि कुछ लोग प्रलोभन और फंसाने के लिए शादी करते हैं. लव जिहाद के मामले में कितनी शादियां हुई है. कितने डाइवोर्स हुए हैं. कितनी मारपीट की घटनाएं हुई है. उनकी सही में क्या भावना रही है यह देखकर सरकार कदम ले सकती है. सरकार इस मामले में सर्वे कर सकती है. शिवसेना की दशहरा रैली पर उन्होंने कहा कि रैली की परमिशन किसे दी जाएगी यह तर्कसंगत आधार पर निर्णय होगा. बाला साहब ठाकरे के घर में जन्म लेकर उद्धव ठाकरे को उनके संपत्ति का अधिकार है. लेकिन जरुरी नहीं विचार भी वैसे ही हों. वैचारिक बात के अधिकार के बात पर वारिस हक नहीं मिलता. उन्होंने कहा कि नही तो अभी कांग्रेस के अध्यक्ष महात्मा गांधी के ग्रैंडसन को होने चाहिए था. राहुल गांधी कहां से आए?उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के बीच राजनीतिक विवाद पर उन्होंने कहा कि सत्ता जाने के बाद उद्धव ठाकरे समझ नहीं पा रहे हैं. उद्धव ठाकरे का स्वभाव चिड़चिड़ा हो गया है. उनको जनतंत्र से ज्यादा मन तंत्र पर विश्वास है. उनके प्रवक्ता कहते हैं हमारी गुंडों की पार्टी है. कानून अगर हाथ में लोगे तो कानून आपको हाथ में लेगा.


# मुंब्रा में भूस्खलन का खतरा बढ़ता जा रहा...!



**मुंब्रा :** मानसून के दौरान पहाड़ी तथा खाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन का खतरा बना रहता है। एक तरफ पहाड़ी, दूसरी तरफ खाड़ी से घिरा मुंब्रा में भूस्खलन का खतरा बढ़ता जा रहा है। पिछले सप्ताह पहाड़ी में हुए भूस्खलन की चपेट में जहां एक महिला की मौत हो गई थी, वहीं शनिवार की रात करीब सवा ११ बजे रेती बंदर के राणा नगर में हुए भूस्खलन की वजह से ६ परिवारों को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह मुंब्रा बायपास के नीचे गांवदेवी परिसर स्थित साई कृपा चाल तथा गजराज सोसायटी पर पहाड़ी से पत्थर गिरने की वजह से कविता सुनील पसारे (३५) नामक एक महिला की मौत हो गई थी तथा अनेक झोपड़े क्षतिग्रस्त हो गए थे। पहाड़ी में जगह-जगह दरार पड़ने की वजह से संभावित भूस्खलन के मद्देनजर आसपास रहने वाले १६ परिवारों को स्थानांतरित कर दिया गया था। इस परिसर में अभी भी भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है।

# क्या दक्षिण मुंबई में चल रहे करोड़ों के रियल इस्टेट प्रोजेक्ट पर दाऊद इब्राहिम का है कंट्रोल?



**मुंबई :** सुप्रीम कोर्ट के एक वकील अजय अग्रवाल ने एक वीडियो जारी करते हुए आरोप लगाया है कि मुंबई में बीएमसी के कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही एक कंपनी एसबीयूटी में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और उसके लोगों का प्रभाव है और वह परोक्ष रूप से इस कंपनी के कामों से जुड़े हुए हैं. जारी किए गए वीडियो में वकील अजय अग्रवाल ने दाऊद गैंग के गुर्गे को सलीम फ्रूट का एक वीडियो जारी किया, इस वीडियो में सलीम को दक्षिण मुंबई इलाके में एसबीयूटी की एक साइट पर काम कर रहे लोगों से कहते हुए देखा जा सकता है कि हम लोग यहां दादागीरी करके प्रोजेक्ट बनवा रहे थे और अब नए नए चमचे आ गए हैं.

**अघाड़ी सरकार ने दी थी मंजूरी?**

अग्रवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीएमसी को एसबीयूटी प्रोजेक्ट में अनियमितता दिखाई दी थी जिसके बाद इटउ ने वर्क स्टाप नोटिस दिया था. अग्रवाल ने यह भी आरोप लगाया कि साल 2019 में एमवीए सरकार ने इस प्रोजेक्ट को वापस से शुरू करने की अनुमति दे दी थी.

अग्रवाल ने इस मामले में दो फोटो भी जारी किए जिसमें महाराष्ट्र के पूर्व CM उद्धव ठाकरे और नवाब मालिक एसबीयूटी अधिकारियों के साथ दिखाई दे रहे हैं. इस फोटो को देखकर अग्रवाल ने कहा कि एमवीए सरकार ने एसबीयूटी की अनियमितता को नजरअंदाज किया जिसका हरजाना आम नागरिकों को भरना पड़ा.

**क्या बोले महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम?**

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा था की ये प्रोजेक्ट प्लान के हिसाब से नहीं बन रहा है और इसमें कई बदलाव किये जा रहे हैं. मीडिया से बात करते हुए फडणवीस ने कहा की दाऊद इब्राहिम कहीं भी एक्टिव होगा तो उसे खत्म कर दिया जाएगा.

**सरकार से क्या चाहते हैं अनिल अग्रवाल?**

अजय अग्रवाल की मांग है कि बीएमसी वर्क नोटिस को वापस से लागू करे और जब तक एसबीयूटी अपना काम पूरे कानूनी ढंग से करना शुरू नहीं कर दे उसके सभी प्रोजेक्ट रोक दिए जाएं. अग्रवाल ने सभी एजेंसियों को पत्र लिखकर मांग की है कि एसबीयूटी के सभी प्रोजेक्ट्स की बारीकी से जांच की जाए?

**एसबीयूटी का दाऊद के साथ क्यों नाम जुड़ रहा है?**

मुंबई के सबसे पॉश इलाके दक्षिण मुंबई में दाऊद की जितनी भी संपत्तियां था उन सबको एसबीयूटी ने ही खरीदा है. अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और उसके करीबियों पर फिलहाल एजेंसियों की नजर है.



# मुख्य न्यायाधीश और मुख्यमंत्री का एक मंच पर बैठना गलत! - जयंत पाटील

**मुंबई** : मुख्य न्यायाधीश उदय ललित के सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उपस्थित थे। इसको लेकर विरोधी दल राकांपा और कांग्रेस ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर जमकर निशाना साधा है। मुंबई उच्च न्यायालय की ओर से मुख्य न्यायाधीश के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिंदे ने मुख्य



न्यायाधीश पर प्रशंसा की 'वर्षा' की थी। इस पर कांग्रेस और राकांपा ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। सुप्रीम कोर्ट के संविधान खंडपीठ के समक्ष सुनवाई शुरू रहने के दौरान मुख्यमंत्री का सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के साथ मंच पर बैठना आचार संहिता के अनुसार गलत है। ऐसे शब्दों में राकांपा प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन होने के बाद मुख्य न्यायाधीश के साथ मंच पर बैठना, यह पूरी तरह से गलत है।

# भिखारी माफिया के हाथों बेच देती बच्चा चोरनी! महिला गिरफ्तार

**मुंबई** : बोरीवली की जीआरपी पुलिस ने दो बेटियों सहित बच्चा चोरनी मां को दादर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। इन तीनों पर एक मासूम बच्चे को चोरी करने का आरोप लगा है। पुलिस का यह भी कहना है कि इन तीनों मासूम को दिल्ली ले जाकर वहां के भिखारी माफियाओं के हाथों ५० हजार रुपयों में सौदा करने की योजना थी।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल



कदम के अनुसार बोरीवली जीआरपी पुलिस स्टेशन में एक महिला ने आठ सितंबर को शिकायत दर्ज कराई कि उसके तीन साल के बच्चे को दिल्ली से आई एक महिला और उसकी दो बेटियां लेकर लापता हो गई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करके बोरीवली रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। वहां कोई सुराग हाथ नहीं लगने पर अन्य रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज खंगालते समय तीन वर्षीय मासूम दादर स्टेशन पर आरोपी महिला और उसकी बेटियों के साथ दिखाई दिया। जीआरपी पुलिस तुरंत हरकत में आई और आरोपी महिला को लापता बच्चे के साथ दादर स्टेशन से हिरासत में ले लिया।

# नहर में डूबने से युवक की मौत

**औरंगाबाद**। जिले के देव थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव के बगल में नहर किनारे शौच करने के लिए गए एक युवक का पैर फिसलने के कारण नहर में गिर गया। इसके बाद उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक युवक उसी गांव के विजय कुमार यादव के 21 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार था। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमांशु एक पैर से दिव्यांग था। वह शौच के लिए नहर किनारे गया हुआ था। शौच करने के दौरान पैर फिसलने के कारण वह नहर में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जब वह देर रात तक घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी छानबीन शुरू की। हालांकि रात तक काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। लेकिन रविवार की सुबह हिमांशु का शव उत्तर कोयल नहर से बरामद किया गया। इस घटना के बाद से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही देव थानाध्यक्ष मनोज पांडेय अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पूरी मामले की जानकारी ली एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। जहां से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि दिव्यांग युवक की शौच के दौरान पैर फिसलने से नहर में डूब कर मौत हो गई।

## देसी शराब के साथ बाप–बेटा गिरफ्तार

**कटिहार**। नगर थाना क्षेत्र के दुर्गा स्थान के पास से तीन लीटर विदेशी शराब के साथ बाप-बेटा



को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंकित और संजीत गामी के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को मेडिकल जांच कराने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# डबल मर्डर केस का खुलासा | सुपारी देकर कराई थी हत्या

**पटना**। बाइपास थाना क्षेत्र के शीतला मंदिर रोड में सौरभ अभिनंदन उर्फ गोलू और चंदन कुमार की हत्या गेसिंग के धंधे में रुपए बंटवारे, वर्चस्व और बदला को लेकर हुई थी। आलमगंज इलाके में रहने वाले शेट्ठी ने हत्या की योजना बनाई थी। हत्या के लिए शूटर को 1.5 लाख रुपए की सुपारी दी गई थी। अपराधियों के निशाने पर सौरभ उर्फ गोलू था, लेकिन उसके साथ दोस्त चंदन की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात में कुल पांच अपराधी शामिल थे, जो दो बाइक पर सवार थे। दोहरे हत्याकांड में शामिल शूटर गणेश कुमार, लाइनर मंतोष कुमार और संजय कुमार केशरी उर्फ चिकू को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों आलमगंज थाना क्षेत्र के निवासी हैं। साजिशकर्ता शेट्ठी और हायर किए गए अपराधी गोपी व रौशन फरार है। गोपी और रौशन शेट्ठी के खास शूटर हैं। डबल मर्डर की यह वारदात छह सितंबर रात की है। एसएसपी डॉ.




मानवजीत सिंह ढिल्लों ने बताया कि सिटी एसपी पूर्वी के नेतृत्व में मामले की जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बाइपास, अगमकुआं, आलमगंज और मेहदीगंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम बनाई थी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी के फुटेज को खंगाला। छानबीन में यह बात सामने आई कि सौरभ उर्फ गोलू को मंतोष का काल आया था, जिसके बाद ही वह चंदन एवं संजय कुमार के साथ घटनास्थल पर गया था।

पर जुटी भीड़ ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में वह ठीक से अपनी बात नहीं बता पा रहा था। उसके बाद मौजूद लड़कों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान बच्चा चुराने का दावा करने कोई सामने नहीं आया। सिर्फ बच्चा चोर की आशंका पर उसकी पिटाई कर दी गयी। हालांकि देखने से बुजुर्ग मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा था। भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने उग्र लड़कों को शांत करा उसे दूसरी जगह ले गए। बचाने के बाद नाम पता जानने की कोशिश की गई। लेकिन बुजुर्ग कुछ बताने में असमर्थ रहा। ग्रामीणों ने बुजुर्ग को सूचना पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। शुक्रवार को भी मनियारपुर गांव के चौर में एक बुजुर्ग की ग्रामीणों ने बच्चा चोर कह कर पिटाई की थी।

# पेट्रोल-डीजल होगा सस्ता?

## क्रूड ऑयल की कीमतों में भारी गिरावट

**नई दिल्ली**। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें सात महीने के निचले स्तर पर आ गई हैं, लेकिन भारत में पेट्रोल और डीजल के खुदरा बिक्री मूल्य में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसकी वजह यह है कि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने लागत में बढ़ोत्तरी के बावजूद करीब पांच माह तक नुकसान झेलते हुए पेट्रोल, डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी नहीं की थी। मंदी की आशंका के बीच फरवरी की शुरुआत के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड पिछले सप्ताह 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया। उसके बाद से यह कुछ सुधार के साथ 92.84 डॉलर




प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जो छह महीने का निचला स्तर है। रूस द्वारा नॉर्थ स्ट्रीम पाइपलाइन को बंद रखने और कच्चे तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक और उसके सहयोगियों (ओपेक +) के उत्पादन में कटौती जैसे कदमों के बावजूद कीमतों में गिरावट आई है। हालांकि, इससे भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। रिकॉर्ड 158 दिन से पेट्रोल और डीजल कीमतों में बदलाव नहीं हुआ है। पेट्रोलियम कीमतों में बदलाव नहीं होने के सवाल पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक सवालों के जवाब में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में तेजी की वजह से दाम नहीं बढ़ाने के चलते जो नुकसान हुआ था, उसकी वजह से अब ये कंपनियां कीमतें नहीं घटा रही हैं। हालांकि अब उम्मीद की जा रही है कि पेट्रोल-डीजल के दामों में कमी आएगी।

# वाणिज्य मंत्रालय को नए सिरे से डिजाइन करने की तैयारी

**नई दिल्ली**। वाणिज्य मंत्रालय अभी अपने पुनर्गठन पर रिपोर्ट के ब्योरे का अध्ययन कर रहा है। इसके साथ ही एक व्यापार संवर्द्धन निकाय के गठन का भी प्रस्ताव सामने आया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को लॉस एंजेलिस के एक कार्यक्रम में इसकी जानकारी दी। भारत का 2030 तक वस्तुओं और सेवाओं का 2,000 अरब डॉलर का निर्यात करने का लक्ष्य है। इसी लक्ष्य के तहत मंत्रालय वाणिज्य विभाग को नए सिरे से 'डिजाइन' करने पर काम कर रहा है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह पुनर्गठन वैश्विक व्यापार में भारत



का हिस्सा बढ़ाने, बहुपक्षीय संगठनों में नेतृत्व वाली भूमिका हासिल करने, वैश्विक चैंपियन के रूप में 100 भारतीय ब्रांड का सृजन करने, विनिर्माण आधार को मजबूत करने और निवेश आकर्षित करने के स्तम्भों पर निर्भर है। गोयल ने कहा कि हम मंत्रालय के ढांचे को पुनगर्ठित करने की प्रक्रिया में हैं। हमारे पास एक विचार 'इन्वेस्ट इंडिया' की तर्ज पर व्यापार संवर्द्धन निकाय के गठन का है। यह निकाय भारत से भारत के लिए व्यापार को प्रोत्साहन देगा।

### गोयल ने व्यापार संवर्द्धन निकाय की जानकारी दी

मंत्रालय के तहत आने वाली 'इन्वेस्ट इंडिया' एक एजेंसी है जो देश में निवेश आकर्षित करने में मदद करती है। गोयल ने कहा कि विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) जो अभी तक निर्यात, आयात से संबंधित मसलों को देखता रहा है, उसकी कुछ और भूमिकाएं हैं। इनमें व्यापार संवर्द्धन निकाय भी एक होगा।

## अनिल अंबानी की बढ़ी मुसीबत

**नई दिल्ली**। कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (आरसीएल) के बोलीदाताओं ने कंपनी की समाधान प्रक्रिया के तहत बाध्यकारी या पक्की बोलियां देने की समयसीमा का चार महीने तक के लिए विस्तार करने का अनुरोध किया है। सूत्रों ने बताया कि अमेरिका के परिसंपत्ति प्रबंधन कोष एडवेंट ने 16 सप्ताह का विस्तार मांगा है, जबकि पीरामल फाइनेंस ने 12 अतिरिक्त हफ्ते मतलब दिसंबर तक का वक्त मांगा है। मौजूदा समयसीमा के मुताबिक, 75 करोड़ रुपए की अग्रिम राशि (ईएमडी) के साथ पक्की बोलियां देने की अंतिम तारीख 29 सितंबर है। सूत्रों ने बताया कि पक्की बोलियों के लिए समयसीमा बढ़ाने की मांग अन्य बोलीदाताओं ने भी की है।

# शीर्ष सात कंपनियों का मार्केट कैप बढ़ा

**मुंबई**। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,33,746.87 करोड़ रुपए की बढ़ोत्तरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 989.81 अंक या 1.68 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 32,071.59 करोड़ बढ़कर 11,77,226.60 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में 26,249.1 करोड़ की बढ़ोत्तरी हुई और यह 17,37,717.68 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 24,804.5 करोड़ बढ़कर 6,36,143.85 करोड़ रुपए पर और आईसीआईसीआई बैंक की 20,471.04 करोड़ के उछाल के साथ 6,27,823.56 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 15,171.84 करोड़ बढ़कर 4,93,932.64 करोड़ रुपए पर और अडानी ट्रांसमिशन का 7,730.36 करोड़ के उछाल के साथ 4,38,572.68




करोड़ रुपए रहा। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 7,248.44 करोड़ की बढ़ोत्तरी के साथ 8,33,854.18 करोड़ रुपए रही। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 3,618.37 करोड़ घटकर 6,08,074.22 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी के मूल्यांकन में 2,551.25 करोड़ की गिरावट आई और यह 4,41,501.59 करोड़ रुपए रह गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 432.88 करोड़ घटकर 4,34,913.12 करोड़ रुपए रह गई। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही।

# बैंक ऑफ बड़ौदा की अनूठी पहल

**मुंबई**। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपना 115वां स्थापना दिवस मनाते हुए 'प्लांट ए ट्री' कार्यक्रम की शुरुआत की। अपनी तरह की पहली और अनूठी पहल के तहत, बैंक अगले तीन सालों के दौरान बांटे गए हर ऑटो या होम लोन के साथ अपने ग्राहकों की तरफ से एक फलदार वृक्ष लगाएगा। इस कार्यक्रम से छोटे किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण के संरक्षण में भी मदद मिलेगी। बैंक को तीन साल की अवधि में सात लाख पेड़ लगाने की उम्मीद है। इसके लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक गैर सरकारी संगठन संकल्प तरु फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया है। यह फाउंडेशन लोगों के लिए, लोगों के द्वारा पौधरोपण पर फोकस करता है। ग्रामीण आजीविका पहल के तहत इस प्रोजेक्ट को लागू करते हुए संकल्प तरु फाउंडेशन किसानों की भूमि की पहचान करेगा, उनकी रजामंदी हासिल करेगा और किसानों की भूमि पर मुफ्त में फलों के पौधे लगाएगा। इसके अलावा वृक्षारोपण से जुड़ी सभी एक्टिविटीज को अंजाम देने के साथ ही एक साल तक पौधे की देखभाल भी करेगा और जरूरत पड़ने पर दोबारा पौधे लगाएगा।

# कच्चा तेल सात महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा, भारत में 158 दिनों से नहीं बदले पेट्रोल- डीजल के दाम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की आशंका के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल का दाम गिर कर 7 महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है, लेकिन भारत में पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं आया है। इसके पीछे की बड़ी वजह सरकारी तेल कंपनियों द्वारा बीते पांच महीनों में पेट्रोल- डीजल की बिक्री पर उठाए गए नुकसान को बताया जा रहा है, क्योंकि सरकार ने पिछले कुछ महीनों में कच्चे तेल के दाम उच्च स्तर पर होने के बावजूद भी तेल कंपनियों को दाम बढ़ाने की इजाजत नहीं दी थी।

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पिछले हफ्ते अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे लुढ़क गया था, जो कि इस साल फरवरी के बाद सबसे न्यूनतम स्तर है। हालांकि इसके बाद कच्चे तेल की कीमत में हल्की बढ़ोतरी हुई और यह 92.84 डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का प्रमुख कारण विकसित देशों की अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका है।

### ओपेक ने किया उत्पादन में कमी का ऐलान

कच्चे तेल में गिरावट ऐसे समय पर आ रही है, जब पश्चिमी देशों ने यूक्रेन से युद्ध करने का कारण रूस पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसके जवाब में रूस ने जर्मनी जाने वाली नॉर्थ स्ट्रीम गैस पाइपलाइन को बंद कर दिया है और ओपेक भी गिरते कच्चे तेल के दामों को सहारा देने के लिए उत्पादन कम करने का ऐलान कर चुका है।

### 158 दिन से भारत में नहीं कम हुए दाम

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत गिरने के बावजूद भी पिछले 158 दिनों से भारत में कुदरा पेट्रोल डीजल के दामों में कोई भी बदलाव नहीं आया है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक जब इसे लेकर केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से शुक्रवार को सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत अधिक थी, उस समय भी हमने पेट्रोल डीजल की कीमत में कोई भी इजाफा नहीं किया था। क्या हमने सारे नुकसान की भरपाई कर ली है? हालांकि उन्होंने इसके बारे में आगे विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी।

### तेल कंपनियों को हुआ था बड़ा नुकसान

कच्चे तेल के दाम उच्चतम स्तर पर होने के कारण पिछले कुछ महीनों में तेल कंपनियों को बड़ा नुकसान हुआ है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि एक समय तो सरकारी कंपनियों को पेट्रोल पर 20 से 25 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 14 से 18 रुपये प्रति लीटर का घाटा हो रहा था।

## 2022-23 में वाणिज्यिक वाहन उद्योग की वृद्धि दो अंक में रहने की उम्मीद : टाटा मोटर्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स को उम्मीद है कि वाहन ऋण पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बावजूद चालू वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहन उद्योग की बिक्री दो अंक में बढ़ेगी। टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने बताया कि बुनियादी ढांचे में सरकार द्वारा किए जा रहे निवेश, देश में धीरे-धीरे बढ़ती खपत और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि जैसे कारकों के चलते वाणिज्यिक वाहन उद्योग को गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि ये कारक भारी मुद्रास्फीति और बढ़ी हुई ब्याज दरों पर भारी हैं। उन्होंने कहा, ''वास्तविक मांग अनुकूल और प्रतिकूल कारकों के शुद्ध परिणाम के आधार पर बनेगी। इसमें मुद्रास्फीति और ब्याज दरें प्रतिकूल कारक हैं।'' वाघ ने अनुकूल कारकों का उल्लेख करते हुए कहा कि बुनियादी ढांचे में सरकार द्वारा निवेश, देश में धीरे-धीरे बढ़ती खपत और ई-कॉमर्स जैसे अंतिम उपयोग के क्षेत्रों में भी मजबूत वृद्धि दिखाई दे रही है।

उन्होंने साथ ही कहा कि बढ़ती माल ढुलाई दरों से भी सकारात्मक संकेत मिल रहा है और ट्रांसपोर्टर विश्वास सूचकांक भी लगातार बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा, ''ऐसा लगता है कि प्रतिकूल और अनुकूल कारकों को मिलाकर इस साल उद्योग दो अंक की वृद्धि दर्ज कर सकता है। हमें चालू वर्ष के दौरान वाणिज्यिक वाहन उद्योग में दोहरे अंकों की वृद्धि की उम्मीद करनी चाहिए।''

## घर बैठे एसएमएस से पता करें अपने फास्टैग का बैलेंस, एसबीआई ने शुरू की सर्विस




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने ग्राहकों के लिए एसएमएस के जरिए फास्टैग का बैलेंस पता करने की सुविधा को शुरू किया है। इसके जरिए ग्राहक आसानी से घर बैठे ही मोबाइल के एक एसएमएस के जरिए अपने फास्टैग का बैलेंस पता कर सकते हैं। फास्टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन टेक्नोलॉजी का उपयोग करता है, जिसकी मदद से आपको सफर करते समय कैश ले जाने की जरूरत नहीं होती है और आपके सभी टोल पेमेंट फास्टैग के जरिए सेविंग अकाउंट से कट जाते हैं। फास्टैग से टोल का पेमेंट करने के लिए किसी भी व्यक्ति को फास्टैग अपने कार की विंडस्क्रीन पर लगाना होता है और जैसे ही टोल आता है आपके अकाउंट से अपने आप ही पैसा कट जाता है।

### कैसे पता करें फास्टैग का बैलेंस ?

एसबीआई की ओर से किए गए ट्वीट के मुताबिक, फास्टैग का बैलेंस पता करने के लिए ग्राहकों को बैंक के आधिकारिक नंबर 7208820019 पर एफटीबीएएल लिखकर एसएमएस करना होगा। वहीं, अगर आपके पास कई सारे वाहन हैं, तो आपको एफटीबीएएल के बाद स्पेस देकर अपनी वाहन संख्या दर्ज कर एसएमएस भेजना होगा। इसके कुछ देर बाद आपके मोबाइल पर एक एसएमएस आएगा, जिसमें आपके आप फास्टैग का बैलेंस दिया होगा। यहां यह ध्यान रखना है कि एसएमएस आप केवल उसी मोबाइल नंबर कर सकते हैं, जो आपके बैंक अकाउंट में रजिस्टर्ड है।

### फास्टैग है जरूरी

फास्टैग को केंद्र सरकार की ओर से सड़क पर ट्रैफिक कम करने, ईंधन की बचत करने और प्रदूषण को घटाने के उद्देश्य से लांच किया था, इसके जरिए सरकार की कोशिश है कि टोल पर लगने वाली लंबी गाड़ियों की कतार को कम किया जाए। इसके लिए सरकार ने सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स 1989 में भी बदलाव किया है, जिसके बाद इसे 1 जनवरी, 2021 के बाद एम और एन क्लास की सभी गाड़ियों पर लगाना जरूरी कर दिया गया है।

## दूसरी तिमाही में 114 बिलियन डॉलर को पार कर सकता है निर्यात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई - सितंबर) के बीच 11.4 फीसदी बढ़कर 114.4 बिलियन डॉलर पर पहुंच सकता है। एक्जिम बैंक की ओर से जारी किए गए पूर्वानुमान में यह जानकारी दी गई।

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, एक्सपोर्ट इंपोर्ट बैंक ऑफ इंडिया (एक्जिम बैंक) ने डाटा जारी करते हुए कहा कि दूसरी तिमाही के निर्यात में यह तेजी वैश्विक स्तर पर कमोडिटी की कीमतों में कमी आने के कारण होगी। वहीं, आगे बताया कि भारत के बड़े व्यापारिक साझेदारों की अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका, महंगाई के दबाव और ब्याज दर बढ़ने के कारण निर्यात में होने वाली बढ़त पर दबाव आ सकता है।

### हर तिमाही का जारी किया जाता है पूर्वानुमान

एक्जिम बैंक की ओर से हर तिमाही के अंतिम महीने के पहले हफ्ते में पूर्वानुमान जारी किया जाता है। बैंक की ओर से जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च के पहले हफ्ते में पूर्वानुमान के आंकड़े जारी किए जाते हैं। बैंक पूर्व अनुमान जारी करने के लिए इन हाउस एक्सपोर्ट लीडिंग इंडेक्स का उपयोग करता है जिसकी मदद से देश के निर्यात को ट्रैक करने के साथ पूर्वानुमान दिया जाता है।

भारत के निर्यात के साथ-साथ आयात में भी बड़ी बढ़ोतरी हो रही है, जिसके कारण भारत का व्यापार घाटा बढ़ता जा रहा है। सरकार की ओर से जारी किए गए अगस्त के आयात-निर्यात के आंकड़ों में बताया गया था कि अगस्त में देश ने कुल 33 बिलियन डॉलर का निर्यात, जबकि 61.68 बिलियन डॉलर का आयात किया है। इस दौरान भारत का व्यापारिक घाटा 28.68 बिलियन डॉलर रहा, जो कि समान अवधि में पिछले साल के मुकाबले 45.09 फीसदी अधिक था।

### भारत के निर्यात में होगा इजाफा

इससे पहले कॉमर्स सेक्रेटरी पीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा था कि मौजूदा ट्रेंड को देखते हुए लग रहा है कि वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का निर्यात 750 बिलियन डॉलर को पार कर सकता है। पिछले वित्त वर्ष में भारत का निर्यात 676 बिलियन डॉलर रहा था।

## उथल-पुथल के दौर में स्थिर है भारत की अर्थव्यवस्था, ग्लोबल ग्रोथ में योगदान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के विकसित देशों जैसे यूएस, यूके और इयू की अर्थव्यवस्थाओं को पिछले कुछ महीनों से भारी महंगाई का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण इन देशों की अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने का खतरा बना हुआ है। दूसरी तरफ भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से विकास कर रही है। जानकार इसे भारत की उपलब्धि के तौर पर देख रहे हैं और उनका कहना है कि केंद्र सरकार की विवेकपूर्ण राजकोषीय नीति के कारण आज देश में पश्चिमी देशों के मुकाबले कम महंगाई दर है और देश तेजी से विकास कर रहा है।

अमेरिकी वित्तीय संस्था मॉर्गन स्टेनली ने रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2022- 23 के लिए भारत की औसत विकास दर 7 फीसदी रह सकती है, जो कि दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। साथ ही कहा कि एशिया में भारत घरेलू मांग को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में है। इसके साथ ही स्ट्रक्चरल फैक्टर्स में बदलावों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज गति जारी रहेगी।

### विदेशों में अधिक महंगाई की वजह

रिपोर्ट में बताया गया कि रूस और यूक्रेन युद्ध पश्चिमी देशों में महंगाई की एक प्रमुख वजहों में से एक है, लेकिन कोरोना संकट के दौरान पश्चिमी देशों की सरकारों की ओर से दिए गए बड़े-बड़े राहत पैकेज ने भी इस महंगाई में बड़ी भूमिका निभाई है। इस यूएस के व्यक्ति को 3200 डॉलर दिए जाने, जर्मनी के राहत पैकेज और यूके के राहत पैकेज भी महंगाई की वजह है।

### भारत ने विवेकपूर्ण फैसले लिए

मॉर्गन स्टेनली ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया के अलग-अलग अर्थशास्त्रियों द्वारा भारत सरकार पर दबाव बनाया गया कि अर्थव्यवस्था के कम से कम 5, 10 या 15 हिस्से का एक राहत पैकेज लाया जाए, लेकिन भारत सरकार इससे होने वाली महंगाई के असर को जानती थी और केवल उन्हीं लोगों को राहत दी गई जिन्हें बेहद जरूरत थी।

### स्ट्रक्चरल फैक्टर्स में बदलाव

मॉर्गन स्टेनली ने कहा कि बीते कुछ सालों में भारत में काफी सारे स्ट्रक्चरल बदलाव देखने को मिले हैं। सरकार की नई नीतियों के कारण देश में एक बार फिर से निजी क्षेत्र का पूंजीगत निवेश शुरू हो गया है, इससे देश की बड़े स्तर पर उत्पादन क्षमता बढ़ेगी।

### भारत के लिए चुनौती

रिपोर्ट में कच्चा तेल एवं कमोडिटी की कीमत वृद्धि और वैश्विक अस्थिरता को भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताया गया है। हालांकि कच्चा तेल और कमोडिटी की कीमत मार्च 2022 के उच्चतम स्तर से 23-37 फीसदी तक कम हो गई है।





# रेहाना पंडित ने मार्शल आर्ट सीखने के लिए निकाला समय

कुमकुम भाग्य की रेहना पंडित, जो शो में आलिया के रूप में नजर आ रही हैं, एक फिटनेस फीक हैं, वह कभी भी फिटनेस से समझौता नहीं करती हैं और एक तंग शूटिंग शेड्यूल के बावजूद अपने स्वास्थ्य के नियमों का पालन करती हैं। अभिनेत्री ने मार्शल आर्ट सीखने का एक नया शौक विकसित किया है, जिसके लिए वह हर संभव प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं लंबे समय से फिटनेस के प्रति उत्साही रही हूं, चाहे वह कसरत का रूप हो या आहार की शैली को बनाए रखना, मैंने हर चीज की बहुत कोशिश की है। मार्शल आर्ट कुछ समय से मेरी बकेट लिस्ट में है। उसने मार्शल आर्ट के लाभों के बारे में भी बताया और वह क्यों सोचती है कि यह सभी के लिए अच्छा है। उन्होंने दूसरों को भी इसे सीखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा, मुझे कहना होगा कि मार्शल आर्ट व्यायाम का एक बेहतरीन रूप है क्योंकि इसके कई स्वास्थ्य लाभ हैं। यह न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाने में मदद करता है। कुमकुम भाग्य में रणबीर के रूप में कृष्णा कौल, प्राची के रूप में मुग्धा चापेकर, रिया के रूप में टीना फिलिप, शाहाना के रूप में अपर्णा मिश्रा और आलिया के रूप में रेहाना हैं। सृति झा और शब्बीर अहलूवालिया को दिखाया गया यह शो अब आने वाली पीढ़ी और उनकी जटिलताओं के साथ आगे बढ़ गया है। यह शो जी टीवी पर प्रसारित होता है।






# धोखा- राउंड डी कॉर्नर - दमदार अंदाज में नजर आए माधवन और अपारशक्ति

रॉकेट्री- द नाम्बी इफेक्ट की सक्सेस के बाद अब आर माधवन एक और फिल्म लेकर आ रहे हैं। हाल ही में माधवन की रोमांटिक थ्रिलर फिल्म धोखा- राउंड डी कॉर्नर का ट्रेलर रिलीज किया गया है। इस फिल्म से भूषण कुमार की पत्नी खुशाली कुमार बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। ट्रेलर में खुशाली और माधवन एक हैप्पी मैरिड कपल के रूप में नजर आ रहे हैं। हालांकि, सच्चाई इससे बिलकुल अलग होती है। जब एक आतंकवादी उनके घर में घुस आता है, तब खुशाली को पता चलता है कि उसका पति उसे ऐसी दवाईयां दे रहा है, जिनकी उसे जरूरत ही नहीं है। फिल्म में अपारशक्ति खुराना ने आतंकवादी का रोल प्ले किया है। यह फिल्म 23 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अब अजय देवगन की 'थैंक गॉड' निशाने पर, फिल्म के खिलाफ चला बायकॉट ट्रेंड




**मुंबई।** फिल्म 'थैंक गॉड' का ट्रेलर 8 सितंबर को रिलीज किया गया। इस फिल्म में अजय देवगन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुल प्रीत सिंह की मुख्य भूमिका है। ट्रेलर के साथ ही अजय देवगन का लुक भी रिवील किया गया। फिल्म दिवाली के मौके पर 25 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसे इंद्र कुमार ने निर्देशित किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म है जिसमें दिखाया गया है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा का एक्सीडेंट हो जाता है जिसके बाद उनके कर्मों का हिसाब–किताब चित्रगुप्त के दरबार में होता है। अजय देवगन पर्दे पर चित्रगुप्त की भूमिका करते दिखेंगे। इन दिनों जब लगभग हर फिल्म के खिलाफ बायकॉट ट्रेंड देखा जा रहा है तो अजय देवगन की 'थैंक गॉड' भी इससे अछूती नहीं है।

**बॉलीवुड फिल्मों के खिलाफ चल रहा ट्रेंड :**

सोशल मीडिया पर फिल्म के बॉयकॉट की मांग की जा रही है। यूजर्स ने कहा कि चित्रगुप्त और हिंदू देवी देवताओं का जिस तरह मजाक उड़ाया जा रहा है वह उसका विरोध करते हैं। वहीं कई यूजर्स ने कहा कि अब तो पूरे बॉलीवुड का ही बायकॉट करने का समय आ गया है।

**यूजर्स के ट्वीट्स**

एक यूजर ने कहा, क्या बॉलीवुड के लिए हिंदू देवता मजाक, अश्लीलता के लिए हैं? थैंक गॉड में अजय देवगन भगवान चित्रगुप्त बने हैं जिनके पीछे कम कपड़े पहने लड़कियां हैं। वह वासना, घटिया जोक्स पर चर्चा कर रहे हैं। क्या हिंदू देव मसखरे होते हैं? एक यूजर लिखते हैं, कब तक हम ऐसे घटिया अभिनय व मनोरंजन का हिस्सा बनते रहेंगे ?

एक ने कहा, हिंदू के नाम और हिंदू भगवान के नाम पर अश्लीलता, नग्नता, मजाक और उनके बारे में गलत तथ्य दिखाना बंद करे।

# ब्रह्मास्त्र की 70% कमाई फर्जी: कंगना

**कंगना** रनोट ने हाल ही में ब्रह्मास्त्र के बॉक्स ऑफिस आंकड़ों में बहुत ज्यादा हेर फेर के दावे पर रिएक्ट किया है। कंगना ने फिल्ममेकर-राइटर एरे मृदुला कैथेर के ट्वीट को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए लिखा कि ब्रह्मास्त्र एक नए लोअर स्टेट पर है। फिल्म के को-प्रोड्यूसर करण जौहर ने शनिवार को ट्वीट कर बताया था कि ब्रह्मास्त्र का वर्ल्डवाइड ओपनिंग कलेक्शन 75 करोड़ रुपए रहा है।

फिल्ममेकर-राइटर एरे मृदुला कैथेर ने ट्वीट में ब्रह्मास्त्र के आंकड़ों को मैनिपुलेटेड बताया था। उन्होंने लिखा था,कुछ ट्रेड एनालिस्ट ब्रह्मास्त्र बॉक्स ऑफिस के आंकड़े नहीं दे रहे हैं, क्योंकि उन्हें पूरी तरह से मैनिपुलेट किया गया है। जो लोग फर्जी बॉक्स ऑफिस आंकडों के साथ मजाक कर रहे हैं, उन्हें मोटा पैसा दिया जाता है। यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा मैनिपुलेशन हो सकता है। 60-70 परसेंट आंकड़े नकली हैं।

> "जब आप झूठ बेचने की कोशिश करते हैं। करण जौहर हर शो में लोगों को रणबीर-आलिया को बेस्ट एक्टर्स और अयान मुखर्जी को जीनियस कहने को मजबूर करते हैं। लोग धीरे-धीरे इस झूठ पर विश्वास करने लगे। करण ने 600 करोड़ रुपए एक ऐसे डायरेक्टर को दिए, जिसने अपने करियर में एक भी अच्छी फिल्म नहीं बनाई।"



कंगना ने इस ट्वीट को अपनी स्टोरी पर शेयर करते लिखा, वाह, '70 परसेंट...यह ब्रह्मास्त्र के लिए एक नया निचला स्तर है।' आपको बता दें, बॉक्स ऑफिस इंडिय डॉट कॉम के मुताबिक, भारत में ब्रह्मास्त्र की ओपनिंग 37 करोड़ पर हुई थी और फिल्म ने दो दिन में 76 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर लिया है।


**"अब उनकी गुटबाजी उन्हीं को ही काट रही है। शादी से लेकर होने वाले बेबी का PR किया, मीडिया को कंट्रोल किया, KRK को जेल में डाला, रिव्यू खरीदे और टिकट भी खरीदे। यह लोग सब कुछ बेईमानी से कर सकते हैं, लेकिन एक अच्छी ईमानदार फिल्म नहीं बना सकते हैं।"**

**बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने हाल ही में पाकिस्तानी क्रिकेटर नसीम शाह के लिए अपने प्यार का इजहार किया। वीडियो में दिखाया कि कैसे एशिया कप 2022 में भारत-पाक का मैच देखने पहुंची उर्वशी, नसीम को देखकर शर्म से लाल हो रही थीं। अब इस लव स्टोरी पर नसीम शाह का रिएक्शन आया है, जिसे सुनकर उर्वशी का तो दिल ही टूट जाएगा।**

# नसीम ने तोड़ा उर्वशी का दिल



पाकिस्तान के फैन पेज पर वायरल हो गए इस वीडियो में इंटरव्यू के दौरान 19 साल के नसीम शाह से उर्वशी रौतेला को लेकर सवाल पूछा गया। तो जवाब में उन्होंने कहा वे जानते ही नहीं हैं कि उर्वशी रौतेला आखिर हैं कौन और यह सब क्यों कर रही हैं। बड़ी ही मासूमियत से जवाब देते हुए नसीम ने कहा कि, 'मुझे इन सब चक्करों में पड़ना ही नहीं है, मुझे सिर्फ अपने गेम पर फोकस करना है।' नसीम शाह का वीडियो वायरल होते ही लोग उर्वशी को जमकर ट्रोल कर रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि उर्वशी रौतेला एक बार फिर एक क्रिकेटर के हाथों अपना मजाक बनवा रही है। इससे पहले भी उनके और भारतीय टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत के बीच सोशल मीडिया पर कोल्ड वॉर में लोगों ने दोनों के खूब मजे लिए थे। उर्वशी ने एक इंटरव्यू में यह दावा किया था जब वो दिल्ली में थी तो उनसे मिलने ऋषभ पंत होटल पहुंच गए थे। वहां क्रिकेटर ने घंटों उर्वशी का इंतजार किया था। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि ऋषभ पंत ने उन्हें खूब सारे कॉल्स भी किए थे जिसका उन्होंने जवाब तक नहीं दिया था।





# पलक तिवारी का ट्रेडिशनल अवतार

**पलक** तिवारी अपनी खूबसूरती और स्टाइलिश लुक्स के लिए जानी जाती हैं। अभी तलक पलक ने किसी भी फिल्म या वेब शो में डेब्यू नहीं किया है, इसके बावजूद वो आए दिन लाइमलाइट में रहती हैं। हाल ही में पलक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो शेयर है, जिसमें वो ट्रेडिशनल अवतार में नजर आ रही हैं। वीडियो में पलक ने साउथ इंडियन गुलाबी साड़ी कैरी की है। एलिगेंट साड़ी के साथ उन्होंने कानों में झुमके, कमरबंद, पांव में गहने और बालों में गजरे के साथ लुक को कंप्लीट किया है। दरअसल यह वीडियो एक ज्वेलरी ब्रांड का प्रमोशनल वीडियो है, जिसके एंडोर्समेंट के लिए पलक को चुना गया है। पलक के इस वीडियो पर उनकी मां श्वेता का भी रिएक्शन सामने आया है।

# रकुल के 'माशूका' ने जीता बेस्ट साउंड ट्रैक अवॉर्ड



2019 में लॉन्च हुए जैकी भगनानी के म्यूजिक लेबल जे जस्ट म्यूजिक ने प्रादा, कमरिया हिला रही है, हाय वे, जुगनी 2.0 जैसे कुछ बेहद शानदार ट्रैक्स दिए हैं। हाल में रिलीज हुए इसके पहले पैन इंडिया सिंगल 'माशूका' के साथ इसने सभी को अपनी धुन पर झूमने पर मजबूर कर दिया था। जहां इस गाने को हर तरफ से प्यार मिल रहा है वहीं अब इसे बड़ी क्रिटिकल अक्लेमेशन मिली है। 'माशूका' ने टैलेंट ट्रैक अवॉर्ड 2022 में बेस्ट साउंड ट्रैक का पुरस्कार जीता है, जो भारत में ओटीटी, वेब सीरीज और डिजिटल कंटेंट के लिए सबसे बड़ा अवॉर्ड माना जाता है। बता दें, 'माशूका' ने हॉट और सिजलिंग रकुल प्रीत सिंह को पॉप क्वीन गॉडेस के रूप में दिखाया है। ये ट्रैक लगातार अपनी सफलता की मिसालें दे रहा है। गाने के दर्शकों के दिलों पर राज करने के बाद अब इसे 'जे जस्ट म्यूजिक' के साथ बेस्ट साउंड ट्रैक के लिए टैलेंट ट्रैक अवार्ड 2022 जीतने के साथ ही क्रिटिकल अक्लेमेशन भी मिली है। इसके अलावा, जे जस्ट म्यूजिक हमेशा ही कुछ फ्रेश और ट्रेंडसेटर गाने लेकर सामने आया है और इतनी बड़ी आलोचनात्मक प्रशंसा हासिल करने के बाद, यह देखना एक्साइटिंग होगा कि आगे ये म्यूजिक लेबल अपने दर्शकों को और क्या कुछ ऑफर करता है। 'माशूका' का फिलहाल हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में देशभर में एंजॉय किया जा रहा है। ये म्यूजिक वीडियो एक बहुत ही अलग पॉप दुनिया का वादा करता है। सेट बनाने के लिए इस्तेमाल किए गए रंग वाइब्रेंट हैं, जो वीडियो को ऐजी बनाता है।




# ग्लोइंग स्किन पाना चाहते हैं तो करें योगासन





**पिछले** कुछ समय में लोगों के बीच योगा का क्रेज काफी बढ़ा है। अब लोग अपनी परेशानियों का हल दवाइयों में नहीं, बल्कि योगासनों में ढूंढते हैं। योगाभ्यास न सिर्फ आपके फिजिकल व मेंटल स्ट्रेस को कम करके आपको बीमारियों से मुक्त कराता है, बल्कि यह आपके सौंदर्य को बढ़ाने में भी काफी मददगार है। आईए जानते हैं ऐसे ही कुछ योगासनों के बारे में, जो आपकी स्किन को रिजुविनेट करके आपको ग्लोइंग स्किन प्रदान करते हैं-

**प्राणायाम**

यह एक ब्रीदिंग एक्सरसाइज है। प्राणायाम के जरिए आप अपने अंदर के सिस्टम को बेहतर बनाते हैं, जिसका असर आपकी बाहरी स्किन पर भी पड़ता है। आपको प्रतिदिन कम से कम 15 से 20 मिनट तक प्राणायाम अवश्य करना चाहिए। आप कपालभाति प्राणायाम, अनुलोम-विलोम के अतिरिक्त शीतली व भ्रामरी प्रणायाम आदि भी कर सकती हैं।

**उत्तानासन**

इस आसन को करने के लिए आपको सीधे खड़े होकर आगे की ओर झुकते हुए अपने पैरों को होल्ड करना होता है। इस आसन से न सिर्फ आपकी बॉडी स्ट्रैच होती है, बल्कि आपके चेहरे की तरफ ऑक्सीजन व रक्त का प्रवाह भी तेजी से होता है। यह आसन आपके चेहरे से झुर्रियों, लाइन्स व मॉर्क्स हटाकर कोशिकाओं को दोबारा सक्रिय करता है। साथ ही डेड और डल सेल्स से भी लड़ता है। जिसके कारण आपका चेहरा खुद ब खुद ग्लो करने लगता है।

**ताड़ासन**

यह आसन करने में जितना आसान है, इसके फायदे उतने ही अधिक हैं। इस आसन को करने के लिए आपको अपने हाथों को अपने सिर के ऊपर ले जाकर ऊपर की ओर स्ट्रैच करना होता है। इस दौरान आपको खुद को पैरों की उंगलियों पर बैलेंस करना होता है। हालांकि शुरूआती दौर में ऐसा करने मे आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है लेकिन बाद में आप इसे आसानी से कर सकते हैं। यह आसन आपकी स्किन को डिटॉक्सीफाई करके एक हेल्दी व शाइनी स्किन प्रदान करती है। इस आसन की मदद से न सिर्फ आपकी स्किन में ग्लो आता है, बल्कि वह अंदर से हेल्दी भी होती है।

**मत्स्यासन**

इस आसन में आपका शरीर एक मछली की भांति दिखाई देता है। इस आसन को करने के लिए आप सर्वप्रथम सीधे पैर करके बैठ जाएं। अब पीछे की ओर झुकें। इस दौरान आपकी कमर नहीं केवल सिर ही जमीन को छूना चाहिए तथा इस स्थिति में आपका सिर आकाश की ओर नहीं, बल्कि आपके पैरों से विपरीत दिशा में होगा। यह आसन रक्त का बहाव आपके सिर की ओर बढ़ाता है, जिससे आपको हेल्दी व सुंदर स्किन प्राप्त होती है। बेहतर परिणाम पाने के लिए आप यह योगाभ्यास प्रतिदिन करें।

**उत्कटासन**

इस आसन के दौरान ऐसा लगता है मानो आप किसी कुर्सी पर बैठे हों। यह आसन आपकी हार्टबीट को तेज करके आपके रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है। साथ ही इससे आपके खून को शुद्ध करने, टॉक्सिन हटाने और ऑक्सीजन पंप करने में भी मदद मिलती है। जिसके कारण आपका प्राकृतिक सौंदर्य निखरकर सामने आता है। इस आसन को करने के लिए आप सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं तथा हाथों को ऊपर रखें। अब अपने घुटनों को हल्का सा मोड़ें। इस अवस्था में 15-20 सेंकड रूकने के बाद पुनः सामान्य अवस्था में लौट आएं।

## ज़माना खराब है ।।



मैं एक बच्ची हूं।
नाज़ुक भोली और मासूम।
खेलना चाहती हूं।
पर खेल नहीं सकती।
पढ़ना चाहती हूं।
पर पढ़ नही सकती।
क्योंकि ज़माना खराब है।।
******?
अब मैं एक औरत हूं।
चारदीवारी में कैद।
सुबह से शाम तक, चूल्हे से झुजती।
बर्तनों और झाड़ूओ से बतियाती।
कमज़ोर और पीले चेहरे वाली।
एक कमज़ोर औरत।
अब मैं एक मां हूं।
बच्चों की चील्पों, झिक झिक और शोर।
उनके गंदे कपड़े।।
दूध पसीने और शु,,, शु,,,,, के बीच,
अधसोई निढाल पड़ी औरत।
एक बेटे के इंतेज़ार में।
कई कई बेटियो की अपमानित मां।
आज न मैं बच्ची हूं।
न औरत ना ही मां।।
वैसे इंसान की श्रेणी में।
मैं कभी रही भी नहीं।
जीवन के अन्तिम पड़ाव पर।
मौत का इंतज़ार करती हुई।
मात्र एक शरीर हूं मैं।।
पति रहा नही, बेटा तो है।
पर बहुत दूर।
बहुत नाराज है वह।
क्योंकि, बहनो की शादी में पाई पाई चूक गई।
पैसे के अभाव में।
उसे पढ़ा नही सकी।
सब कहते है।
दुखी मत हो, रो मत।
यही दुनियां है।
दुनियां में यही होता है।
क्योंकि ज़माना खराब है ।।

कावित्री
श्रीमति, रंजन

# जैसी स्किन वैसी देखभाल



**मौ**सम बदलने लगा है और आने वाले फुहारों के मौसम यानि मौनसून के दौरान हवा में ज्यादा नमी से आपको परेशानी हो सकती है। विशेषरूप से उन्हें जिन की त्वचा तैलीय या मिश्रित होती है। पसीने और तेलस्राव के कारण तैलीय त्वचा और अधिक तैलीय व सुस्त लगने लगती है। जब मौसम गरम और नमीयुक्त होता है तब लाल चकत्ते, फुंसियां, खुले रोमकूप जैसी समस्याएं पैदा होती हैं और गंदगी त्वचा पर जमने लगती है।

**तरोताजा त्वचा के लिए**

- पसीने और तेल से मुक्त होने के लिए मौनसून में त्वचा को साफ और तरोताजा करना बहुत जरूरी होता है। स्क्रब की सहायता से रोमकूपों की गहरी सफाई करने से त्वचा अवरुद्ध नहीं होती और मुंहासों से भी बचाव होता है। टोनिंग के जरिए भी त्वचा को तरोताजा बनाने और रोमकूपों को बंद करने में मदद मिलती है।
- फेशियल स्क्रब का प्रयोग सप्ताह में 2 बार करें। इसे चेहरे पर लगाएं और धीरेधीरे गोलाई में त्वचा पर रगड़ें। फिर साफ पानी से धो लें। आप चाहें तो दही में चावल का आटा या पिसे बादाम मिला कर घर में ही फेशियल स्क्रब तैयार कर सकती हैं। स्क्रब में सूखे नीबू का चूर्ण या फिर संतरे के छिलकों का चूर्ण भी मिला सकती हैं।
- ध्यान रखें कि मुंहासे और संवेदनशील त्वचा होने पर स्क्रब का प्रयोग न करें। मुंहासों से छुटकारा पाने के लिए ओट्स और अंडे की सफेदी के मिश्रण का सप्ताह में 2 बार प्रयोग करें।
- इस मौसम में फूलों से बने किसी त्वचा टौनिक या फ्रैशनर का इस्तेमाल उपयोगी साबित होता है। गुलाबजल एक नैसर्गिक टोनर है। रुई पैड को गुलाबजल में भिगो कर या त्वचा टौनिक को फ्रिज में रखें। त्वचा को स्वच्छ और तरोताजा बनाने के लिए इससे चेहरे को साफ करें। घर से बाहर निकलते समय नम टिशू साथ ले जाएं। नम टिशू से चेहरा साफ करने के बाद कौंपैक्ट पाउडर लगाएं।



# TV स्क्रीन साफ करने के टिप्स

**टी**वी स्क्रीन पर कुछ समय से एक खड़ी लाइन नजर आ रही थी...इस बाबत जब कम्पनी मेकेनिक को बुलाया गया तो उसने बताया कि स्क्रीन की सफाई करते समय टीवी पर सीधे पानी के स्प्रे करने के कारण आयी नमी के कारण अक्सर खड़ी या आड़ी लाइनें आ जातीं हैं। टीवी आज हर घर में मौजूद है। इस पर जमी धूल मिट्टी को हम सभी अपने अपने तरीके से साफ करते हैं पर साफ करने के बाद अक्सर टीवी स्क्रीन पर पानी की अनेकों लाइनें या धब्बे नजर आने लगते हैं। आज हम आपको टीवी साफ करने के कुछ टिप्स बता रहे हैं जो निस्संदेह आपके लिए मददगार साबित होंगे–

- टीवी साफ करने के लिए 1 टेबलस्पून तरल सोप को 1/2 कप पानी में मिलाएं अब इस घोल में कपड़े को डुबोकर निचोड़ दें फिर टीवी स्क्रीन को साफ करें अब सूखे माइक्रोफाइबर कपड़े से हल्के हाथ से पोंछ दें।
- डिटर्जेंट घोल के अलावा आप बाजार में उपलब्ध कोलीन का भी प्रयोग भी कर सकतीं हैं।
- एलसीडी, एलईडी और ओलेड टीवी स्क्रीन को टिश्यू या टॉवल के स्थान पर सॉफ्ट माइक्रोफाइबर कपड़े से हल्के हाथ से साफ करना चाहिए।
- किसी भी क्लीनिंग सॉल्यूशन को सीधे टीवी पर डालने की अपेक्षा पहले सॉल्यूशन को कपड़े पर लगाएं फिर स्क्रीन को साफ करें। सॉल्यूशन को सीधे स्प्रे करने पर टीवी पर दाग लग जाते हैं।
- टीवी की सफाई करते समय टीवी को स्विच ऑफ कर दें ताकि किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रिक गड़बड़ी न हो सके।

**आज की रेसिपी**

## शुगर फ्री गुलाब की खीर



**सामग्री :**

2 टेबल स्पून चावल
11/2 लीटर फुल क्रीम दूध
स्वादानुसार शुगर फ्री पाउडर
2 टेबल स्पून ड्राई फ्रूट्स, टुकड़ों में कटा हुआ
1 टी स्पून इलायची पाउडर
2 टेबल स्पून सूखी गुलाब की पंखुड़ियां
ताजी गुलाब की पंखुड़ियां गार्निशिंग के लिए

**विधि**

- चावल को धोकर 15 मिनट के लिए भिगो दें।
- अब एक चौड़ी कढ़ाई में दूध गर्म करें और उसमें उबाल आने दें।
- चावल को निथार लें और धीमी आंच पर उबलते दूध में डालें। चावल को दूध में पकने दें।
- जब चावल आधे से ज्यादा पक जाएं तो इसमें कटे हुए ड्राई फ्रूट्स, सूखी गुलाब की पंखुड़ियां और इलायची पाउडर डालें।
- जब चावल पूरी तरह से पक जाएं और चावल की खीर मनचाही गाढ़ी हो जाए, तो गैस बंद कर दें और शुगर फ्री पाउडर डालकर अच्छी तरह मिला लें।
- खीर को अलग-अलग बाउल में निकाल लीजिए। गुलाब की पंखुडिय़ों से सजाकर ठंडा-ठंडा सर्व करें।

# माइग्रेन के दर्द से पाएं छुटकारा



आमतौर पर लोग सिर के दर्द को सामान्य सी तकलीफ समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन इसे नजरंदाज करना ठीक नहीं है, क्योंकि लंबे वक्त के बाद ये काफी तकलीफदेह साबित हो सकता है। बारबार सिर में होने वाला दर्द माइग्रेन कहा जाता है। यह उम्र के किसी भी पड़ाव पर हो सकता है। माइग्रेन से होने वाले सिरदर्द को कुछ आसान घरेलू उपायों से दूर किया जा सकता है। ये उपाय पूरी तरह से साइड इफेक्ट से रहित हैं और आपको किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाते। आइए, जानते हैं कि कौन से घरेलू उपाय आपको इस समस्या से निजात दिलाने में मददगार हो सकते हैं।

**अंगूर का रस**

ताजा अंगूर के रस को ब्लेंड कर लें। इसमें थोड़ा पानी मिलाएं और पी जाएं। इससे माइग्रेन के दर्द से राहत मिलती है। बेहतर परिणाम के लिए इस ड्रिंक का दिन में दो बार सेवन करें। अंगूर डाइटरी फाइबर, विटामिन ए, सी और कार्बोहाइड्रेड से भरपूर होता है। माइग्रेम के लिए यह बेहतरीन घरेलू नुस्खा है।

**अदरक**

अदरक शरीर के किसी भी भाग में दर्द से निजात दिलाने में लाभकारी है। चाहे वह दर्द माइग्रेन का ही क्यों न हो। इसके लिए आप अदरक की चाय पी सकते हैं। या फिर अदरक के जूस में थोड़ा सा नींबू का रस मिला लें और सेवन करें। इसके अलावा आप अदरक के पाउडर का पेस्ट बनाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**दालचीनी**

दालचीनी सिर्फ आपके खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाता है। बल्कि यह माइग्रेन के लिए बेहतरीन औषधि है। दालचीनी पाउडर में थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। इस लेप को माथे पर लगाकर 30 मिनट तक रहने दें। बाद में गर्म पानी की मदद से हटा लें। माइग्रेन से काफी राहत मिलेगा।

**व्यायाम**

नियमित रूप से व्यायाम माइग्रेन से राहत देता है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से भी माइग्रेन की समस्या से निजात मिलती है। हरी शाक-सब्जियों के नियमित सेवन से भी माइग्रेन की समस्या से निजात मिलती है।

**थोड़ी सी कॉफी**

माइग्रेन में दर्द से राहत पाने के लिए कैफीन का भी सहारा लिया जा सकता है। कॉफी से दर्द को कम किया जा सकता है।

**ज्यादा प्रकाश से बचें**

माइग्रेन को रोगी प्रकाश में देर तक न बैठें। इससे दर्द काफी बढ़ सकता है। बेहतर होगा कि प्रकाश के संपर्क में ज्यादा न रहें।



## 'मैं नाखुश नहीं', अपनी पार्टी को लेकर अजित पवार का बड़ा बयान



**मुंबई:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार ने सोमवार को कहा कि वह अपनी पार्टी से नाखुश नहीं हैं और ना ही पार्टी ने उन्हें नजरअंदाज किया है। दिल्ली में रविवार को हुई राकांपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान अजित पवार मंच से उठकर चले गये थे, इस मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया ने मामले को बेवजह तूल दिया। राकांपा नेता ने कहा कि वह केवल कुछ देर के लिए प्रसाधन (वॉशरूम) गये थे।

बारामती से विधायक पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मेरी पार्टी ने कभी मुझे नजरअंदाज नहीं किया। मैं पार्टी नेतृत्व से नाराज या निराश नहीं हूं। पार्टी ने मुझे प्रमुख पद दिये। मुझे उप मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष (विधानसभा में) बनाया गया।

# ट्रैक पर लोहे का ड्रम रखने का मामला, भंगरवाले पर कार्रवाई...!

**मुंबई :** मध्य रेलवे के सीएसएमटी और भायखला स्टेशन के बीच लोकल ट्रेन के फास्ट ट्रैक पर लोहे का ड्रम रखने का मामला पिछले दिनों सामने आया था। रेलवे ने दावा किया था कि इस घटना में लोकल ट्रेन ड्रम से जा टकराया था, परंतु मोटरमैन की सूझ-बूझ से ये हादसा टल गया था। अब इस मामले की जांच कर रही पुलिस ने दावा किया है कि लोहे का ड्रम एक नाबालिग लड़का चोरी कर पटरी के सहारे ले जाते समय ट्रैक पर गिरा दिया था, जिसकी जानकारी मोटरमैन को बाकायदा थी। नाबालिग बच्चे से हुई पूछताछ में ये बात भी सामने आई है कि इस घटना के बाद बच्चा दोबारा ट्रैक पर आया था और लोहे का ड्रम उठाकर बेचने के लिए कमाठीपुरा ले गया था, जहां एक भंगार वाले को १५० रुपए में बेच दिया था। इस मामले में भंगरवाले पर भी कार्रवाई की गई है।



रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटनावाले दिन लोकल ट्रेन के मोटरमैन शर्मा ने एक बच्चे को लोहे का ड्रम फास्ट ट्रैक के बगल से ले जाते हुए देखा था। इस दौरान मोटरमैन ने हॉर्न बजाया और बच्चे ने घबराकर ड्रम को पटरी के बगल में फेंका, जो ट्रैक पर जा गिरा था। मझगांव रेलवे कॉलोनी परिसर के एक पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज से इस घटना के पीछे की कहानी सामने आने के बाद रेलवे पुलिस ने बच्चे का पता लगाया और पूछताछ में उसने सारी कहानी बयां की तथा बताया कि घटनावाले दिन वो दोबारा घटनास्थल पर आया था और ड्रम को ले जाकर कमाठीपुरा में बेच दिया था, जिसकी एवज में उसे १५० रुपए मिले थे। पुलिस ने बताया है कि नाबालिग बच्चे के परिवार में माता-पिता हैं लेकिन पिता ने दूसरी शादी कर ली है और मां गांव में बर्तन साफकर गुजारा करती है। बच्चे की देखभाल करने वाला कोई नहीं था इसलिए वह जनवरी में बिहार के कटिहार से भागकर मुंबई आया था। यहां वह कचरा बीनकर अपना गुजारा करता है।

# ठग आमिर के आवास से १७ करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जप्त...!

**कोलकाता :** इंटरनेट पर फैले ठगी के जाल में फंसे लोगों को सायबर सेंधमार किस तरह से कब चूना लगा दें, इसका कोई ठिकाना नहीं होता है। कई बार तो ठगी का शिकार हुए लोगों को पता भी नहीं चलता है कि उन्हें आर्थिक चपत लग रही है। ऑनलाइन खेल में लोगों को आर्थिक चपत लगानेवाले एक ऐसे ही शातिर 'ठग' का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने कोलकाता में पदार्फाश किया है। ईडी के अधिकारियों ने आमिर खान नामक उक्त 'ठग' के आवास से १७ करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जप्त की है, जो ५ ट्रंक में ठूंस-ठूंस कर भरी गई थी। जिसके बाद आमिर खान की चर्चा क्षेत्र में नकदी खान के रूप में होने लगी है।

ईडी ने कहा कि आमिर खान ने 'ई-नगेट्स' नामक एक मोबाइल गेमिंग एप्लिकेशन लॉन्च किया, जिसे जनता को धोखा देने के उद्देश्य से डिजाइन



किया गया था। प्रारंभिक अवधि के दौरान एजेंसी ने कहा, उपयोगकताओं को कमीशन के साथ पुरस्कृत किया गया और वॉलेट में शेष राशि को परेशानी से मुक्त किया जा सकता था। जांच एजेंसी ने कहा, 'इससे उपयोगकताओं में शुरूआती विश्वास पैदा हुआ और उन्होंने अधिक प्रतिशत कमीशन और अधिक संख्या में खरीद ऑर्डर के लिए बड़ी मात्रा में निवेश करना शुरू कर दिया।' सूत्रों ने कहा कि नोटों के ढेर ज्यादातर ५०० रुपए के मूल्यवर्ग के थे। हालांकि २,००० रुपए और २०० रुपए के नोट भी थे।

# शराब की तीन अवैध भट्टियों पर छापा, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**वरणगांव :** वरणगांव पुलिस स्टेशन क्षेत्र में शराब की तीन अड्डे पर शराब के भट्टियों पर पुलिस ने छापा मार कर शराब बनाने वाली सामग्रियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वरणगांव पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक आशीष अडसुल के आदेश पर पुलिस उपनिरीक्षक परशुराम दलवी, राहुल येवले, मधुकर भालशंकर, अतुल बोंडे आदि को जानकारी मिली कि सावंतर निंभोरा क्षेत्र में तापी नदी के तट पर सावतर के जंगल में शराब की भट्ठी लगायी गई है।

यह जानकारी मिलते ही सूचना मिलने पर एक व्यक्ति को एक प्लास्टिक की टंकी के पास खड़ा देखा गया, तुरंत पुलिस कर्मियों ने मौके पर छापा मारा। छापे के दौरान पता चला कि किरण कोली (38) सावतार निंभोरा क्षेत्र में एल्कोहल केमिकल तैयार कर रहा था। पुलिस ने वहां छापा मारा और अल्कोहल बनाने के लिए उपयोग में लाये जाने वाला केमिकल जब्त किया। इसके बाद पुलिस ने शराब भट्टी को सील कर दिया ओर सभी आरोपियों के खिलाफ शराब बंदी कानून के तहत मामला दर्ज किया।

दूसरी घटना में 45 वर्षीय राजू कोली को सावतार निंभोरा क्षेत्र में गुड़, नवसागर, अन्य रसायन और अवैध शराब बिक्री से मिली धनराशि जब्त की। तीसरी घटना में 45 वर्षीय सूफिया बी वरणगांव में भोगवती नदी के पास दो हजार रुपए की शराब ले जाते समय पकड़ी गई। यह कार्रवाई पुलीस निरीक्षक परशुराम दलवी, मुकेश जाधव, भूषण माली, प्रमोद कंकड़, महिला होमगार्ड कल्पना माली ने संयुक्त रूप से की।

# मेट्रो 2 ए और 7 पर बढ़े यात्री, दिसंबर तक खुलेगा दूसरा चरण



**मुंबई:** वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे की ट्रैफिक कम करने वाली मेट्रो लाइन-7 (दहिसर ई-अंधेरी ई) और लिंक रोड से लाइन 2 ए (दहिसर-डीएन नगर) का दूसरे चरण का काम पूरा होने को है। उल्लेखनीय है कि मेट्रो 2 ए और 7 का 20 किलोमीटर का पहला चरण अप्रैल में शुरू हुआ था। महा मुंबई मेट्रो रेल ऑपरेशन कॉरपोरेशन लि. के अनुसार पहले चरण में यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एमएमएमओसीएल के अनुसार, इस समय लगभग 32 हजार औसत यात्री रोजाना सफर कर रहे हैं। शुरू के महीने में 8 लाख यात्री और अब पिछले दो माह से 9 लाख से ज्यादा यात्री मेट्रो 2 ए और 7 से सफर कर रहे हैं। बताया गया कि अगस्त में यह 9.79 लाख से अधिक था, जबकि जुलाई में 9.19 लाख, जून में 8 लाख, मई में 8.29 लाख और अप्रैल में 8.51 लाख था। सितंबर में अब तक एक लाख से ज्यादा लोगों ने सफर किया है। अप्रैल से अब तक 45.62 लाख लोगों ने सफर किया है।

**मलाड-गोरेगांव-अंधेरी जुड़ेगा**

एमएमआरडीए के अनुसार, जल्द ही दुसरे चरण का ट्रायल रन शुरू होगा। मेट्रो 2 ए के दूसरे चरण में स्टेशनों का काम भी 99 प्रतिशत हो चुका है। वलनाई-अंधेरी प. के बीच दूसरा फेज कम्प्लीट हो चुका है। यह लाइन मलाड-गोरेगांव-अंधेरी को जोड़ेगा। वलनाई मेट्रो स्टेशन का काम लगभग 99 प्रतिशत हो चुका है। वहीं इसी साल के अंत में दोनों मेट्रो लाइनें जब पूरी तरह शुरू हो जाएंगी तो 3 लाख यात्री सफर करेंगे। पूरे कॉरिडोर में 30 स्टेशन होंगे। यह मेट्रो वन से भी जुड़ेगी।

**2031 तक 11.50 लाख यात्री**

मेट्रो लाइन 2 ए और 7, जो लिंक रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के बीच में हैं। इससे पश्चिमी लाइन पर लोकल ट्रेनों के साथ एक्सप्रेस हाइवे पर भीड़ कम होने की उम्मीद है। एमएमआरडीए के अनुसार, एक बार पूरी तरह से चालू हो जाने पर दोनों लाइनों से 2031 तक प्रतिदिन 11.50 लाख यात्री सफर कर सकेंगे।

## हाइवे पर गड्ढों का अंबार घटिया निर्माण पर जनता ने उठाया सवाल?



**जलगांव :** जलगांव शहर की सड़कें न सिर्फ खस्ता हाल में हैं, यहां के हाइवे पर भी गड्ढों का अंबार है। कहा जा रहा है हाइवे का निर्माण में घटिया सामग्रियों का उपयोग किया गया है। बांभोरी पुल से शहर की ओर आने वाले हाइवे में कई जगह उतार-चढ़ाव बन गए हैं। हाइवे पर बहुत से गड्ढे भी हो गए हैं। पूर्व नगरसेवक नितिन नन्नवरे ने कहा है कि हाइवे की हालत बहुत खराब है।

सोशल मीडिया पर इस फोटो की चर्चा हो रही है। जलगांव शहर में सड़कों की जर्जर स्थिति और नवनिर्मित सड़कों के बारे में बात नहीं करना बेहतर है। जलगांव में कुछ समाजसेवी और नेता सहूलियत वाली राजनीति कर रहे हैं, इसलिए कोई भी सड़कों की खराब हालत पर बोलने को तैयार नहीं है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com